6-JULAY- Jash-Bhoomi pg-1_Layout 1 7/6/2024 8:06 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार 7 जुलाई 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री

4

## प्रभारी मंत्री ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक



खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के गृहग्राम बगिया में उनसे सौंजन्य भेंट की। इस दौरान महासंघ ने ठेका प्रथा समाप्त किए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय में कुल 184 निकाय निकायों में 14 नगर निगम, 48 नगर पालिका व 122 नगर पंचायत में विगत 15-22 वर्षों से लगभग 25000 प्लेसमेन्ट कर्मचारी कार्यरत हैं जो कई वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। पिछली सरकार में इनकी मांगों को दरकिनार कर दिया गया था। जिसके लिए इन कर्मचारियों ने जिला से लेकर संभाग और राज्य स्तर पर कई बार आंदोलन किया था। अब वर्तमान में अपनी मांगों को लेकर इनकी आशा इस सरकार पर टिकी हुई है। पदाधिकारियों द्वारा दिये गये ज्ञापन में लेख है कि प्लेसमेंट कर्मचारियों का ठेका प्रथा बंद कर निकाय से सीधा भुगतान किया जाए। जिससे शासन को लगभग 110 करोड़ रूपए की बचत होगी। इन मांगों को लेकर कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष बजरंग चौहान, समस्त निकाय अध्यक्ष व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पहाड़ी कोरवा लाभार्थियों को चाबी सौंप साझा की खुशियां

# सीएम ने पीएम जनमन आवास योजना के हितग्राहियों को सौंपी घर की चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सीएम विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को बगिया प्रवास के दौरान अपने निवास में आयोजित कार्यक्रम में पीएम जनमन योजना के तीन लाभार्थियों को नवनिर्मित घर की चाबी सौंपी।

■ **जिले में पीएम जनमन योजना के तहत एक हजार से अधिक आवास निर्माण की स्वीकृति**

इस दौरान तीनों लाभार्थियों ने बांस से बनी टोकरी में आम, फल्ली और केला भेंटकर मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

आदिवासी समुदाय के आर्थिक-सामाजिक उत्थान के लिए शुरू की गई पीएम जनमन योजना के तहत जिले के पहाड़ी कोरवा, बिरहोर लोगों को लाभ मिल रहा है।जशपुर जिले के जनपद बगीचा के ग्राम पंचायत सुलेसा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत 2016-23 तक कुल 90 आवास स्वीकृत किये गये थे। जिसमें 82 आवास अच्छी गुणवत्ता के साथ बनाकर पूर्ण हो गए हैं। शेष 8 आवास का कार्य प्रगति पर है। वर्ष 2023-24 में पीएम जनमन आवास योजना के तहत कुल 7 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया, जिसमें 3 आवास अच्छी गुणवत्ता के साथ बनाकर पूर्ण कर दिया गया है। शेष 4 आवास की ढलाई का कार्य पूर्ण हो गया है। प्लास्टर कार्य प्रगति पर है। आगामी वर्ष में पीडब्ल्यूएल सूची के बचे सभी शेष हितग्राहियों को आवास प्रदान कर पक्का मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया है। लाभार्थी आलू राम पहाड़ी पिता कोटेंग ने आवास बनने पर कहा कि हर एक नागरिक का सपना होता है कि उसका अपना एक पक्का मकान हो, जिसमें वह अपने परिवारजनों के साथ सुकून से जीवन यापन कर सके। लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण ⏭ शेष पेज 4 पर




हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपते सीएम।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

## दिव्यांगों के लिए बनेगा आदर्श आवासीय परिसर

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ने जशपुर में दिव्यांगों के लिए सर्व सुविधायुक्त आदर्श आवासीय परिसर की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने फरसाबहार की बहुत पुरानी मांग पूरी करते हुए वहां हायर सेकेंडरी स्कूल खोलने की भी घोषणा की है। इसके अलावा उन्होंने बगिया व बंदरचुवां के लिए आदर्श विद्यालय की घोषणा की है। प्रदेश की साय सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में हाईटेक लाइब्रेरी बनाने व नवा रायपुर में लाईवलीहुड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की ⏭ शेष पेज 4 पर

■ **फरसाबहार में खुलेगा हायर सेकेंडरी स्कूल**

## पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जशपुरनगर।** घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामनाथ नाग निवासी काडरो पाकेरपारा ने 5 जुलाई को थाना बागबहार में रिपोर्ट दर्ज कराई,कि उसकी बड़ी दीदी मृतिका उम्र 27 साल की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व रामकुमार नाग के साथ हुई थी। रामकुमार नाग आए दिन अपनी पत्नी से शराब पीकर विवाद, मारपीट एवं लड़ाई-झगड़ा करता था। 4 जुलाई को रामकुमार नाग हमेशा की तरह अपनी पत्नी से विवाद कर हाथ-मुक्का, डंडा इत्यादि से मारपीट कर हत्या कर दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बागबहार में धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान महिला संबंधी गंभीर अपराध घटित होने पर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल एवं थाना प्रभारी बागबाहर को आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के संबंध में निर्देश दिया गया। निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा तत्काल दबिश देकर प्रकरण के संदेही रामकुमार नाग को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### अलकापुरी जंगल में महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**अंबिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी जंगल में महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना को महिला के परिचित युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया है। फिलहाल महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि लखनपुर थाना क्षेत्र की महिला किसी काम से 1 जुलाई को उदयपुर गई हुई थी। महिला के वापस लौटने के दौरान उसे पूर्व परिचित युवक धनुष मिला और महिला को घर छोड़ने की बात कही। पूर्व परिचित होने के कारण महिला भी साथ घर जाने को तैयार हो गई जिसके बाद युवक उसे लेकर उदयपुर के अलकापुरी जंगल पहुंचा। अलकापुरी जंगल में पहले से ही उसके दोस्त धन्नू राम झारिया, गोवर्धन राम व चित राम मौजूद थे।

## देश की एकता को मजबूत करने के लिए प्रत्येक भारतीय मुखर्जी के ऋणी : सीएम

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री ने अपने निजी निवास स्थित कैंप कार्यालय बगिया में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ''अद्वितीय प्रयासो के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है।

■ **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें किया नमन**

श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों ⏭ शेष पेज 4 पर



जयंती पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते मुख्यमंत्री।









## 'तौबा तौबा' में विक्की के डांस मूव्स के कायल हुए ऋतिक

**मुंबई।** 'बैड न्यूज' का पहला गाना 'तौबा तौबा' रिलीज होने के बाद से ही ट्रेंड कर रहा है और इसकी तारीफ भी हो रही है। हाल ही में, विक्की कौशल के कातिलाना मूव्स ने अभिनेता ऋतिक रोशन का ध्यान अपनी ओर खींचा। 'तौबा तौबा' नाम का यह गाना हाल ही में, रिलीज किया गया। 'तौबा तौबा' शीर्षक वाले इस पार्टी नंबर के वीडियो में गायक करण औजला के अलावा फिल्म की मुख्य जोड़ी, विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी शामिल हैं। अब इस गाने के लिए ऋतिक रोशन ने विक्की कौशल के डांस की तारीफ की है, जिसपर अभिनेता ने प्रतिक्रिया दी है। गाना रिलीज होने के बाद, विक्की ने बुधवार को गाने का एक छोटा सा क्लिप शेयर किया है।

लाइफ Style



# आलिया

## 'अल्फा' की शूटिंग शुरू

आलिया भट्ट, यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) के स्पाई यूनिवर्स पर आधारित अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में खबर आई थी कि वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में आलिया भट्ट जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आलिया और शारवरी वाघ ने बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए अपनी तैयारी शुरू की थी। वहीं सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग को लेकर भी कई तरह की जानकारियां सामने आई थीं। फिल्म के नाम का खुलासा खुद आलिया भट्ट ने अभिनेत्री शरवरी वाघ के साथ मिलकर इंस्टाग्राम पर किया। आलिया भट्ट ने आखिरकार घोषणा कर दी है कि उनकी आने वाली स्पाई यूनिवर्स फिल्म का नाम 'अल्फा' है। बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग आखिरकार शुरू हो गई है। उन्होंने सेट से शूटिंग का पहला वीडियो भी साझा किया।साझा किए गए वीडियो में 'अल्फा' लिखा हुआ था और आलिया की आवाज में कहा गया था, 'ग्रीक वर्णमाला का सबसे पहला अक्षर और हमारे कार्यक्रम का आदर्श वाक्य। सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर।

ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और हर जंगल में राज करेगा एक अल्फा।' आलिया भट्ट के घोषणा वीडियो ने नेटिजन्स को फिल्म के लिए काफी उत्साहित कर दिया है। पोस्ट शेयर होने के तुरंत बाद प्रशंसक कमेंट सेक्शन में अपने उत्साह के बारे में बताने लगे। दर्शकों ने कहा कि अब वे फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर सकते।

हॉलीवुड मसाला



## भारतीय क्रिकेट टीम के हैं प्रशंसक

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार ह्यू जैकमैन ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनका सबसे ज्यादा पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा है। उनके साथ इंटरव्यू में मौजूद उनके सह-कलाकार और मित्र रयान रेनॉल्ड्स को भी आश्चर्यचकित कर दिया। ह्यू ने फिर कहा, 'तुमने कप ले लिया।' हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन प्रशंसकों के बीच बेहद प्रसिद्ध हैं। हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।



## अंबानी की शादी का सबसे महंगा स्टार

**मुंबई।** हॉलीवुड के फेमस सिंगर जस्टिन बीबर अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में परफॉर्म करने के लिए भारत पहुंचे। उनकी फीस अब तक की सबसे ज्यादा बताई जा रही है। देश में उनके कॉन्सर्ट में हमेशा जबरदस्त भीड़ देखी गई है, फैंस अपने पसंदीदा स्टार की एक झलक पाने के लिए घंटों इंतजार करते हैं। जस्टिन बीबर की लाइफस्टाइल उतनी ही भव्य है जितनी उनकी नेटवर्थ है। पूरे अमेरिका में उनके पास कई शानदार संपत्तियां हैं। सेंसेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर एक बार फिर दुनिया भर में सुर्खियां बटोर रहे हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के भव्य संगीत में परफॉर्म करने के 83 करोड़ रुपए लेने की बात सामने आई है। सेलिब्रिटी मानकों के हिसाब से भी यह एक बहुत बड़ी रकम है, जो जस्टिन बीबर के फेम को दिखाती है।



## बिकास की फिल्म को मिला हुमा का साथ

**मुंबई।** अपनी पहली ही फिल्म 'चौरंगा' से समीक्षकों और दर्शकों की नजरों में छाए लेखक-निर्देशक बिकास मिश्रा की मेहनत रंग ला रही है। उनकी अगली फिल्म 'बयान' को अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक कंपनी का साथ मिल गया है। फिल्म के लिए हुमा कुरैशी पहले ही हां कर चुकी हैं। उनके अलावा फिल्म में दो दिग्गज कलाकार और होंगे। जानकारी के मुताबिक बिकास मिश्रा की अगली फिल्म 'बयान' नाम से बनने जा रही है। इस फिल्म को लेकर बिकास काफी दिनों से मेहनत करते रहे हैं और अब तक जिन लोगों ने भी फिल्म की कहानी सुनी है, सबने इसे एक बेहतरीन पटकथा बताया है। बिकास की इस कहानी को फिल्म निर्माता शिलादित्य बोरा का साथ मिला है। इस फिल्म को विकसित करने में हॉलीवुड की फिल्म इंडिपेंटेड का खासा साथ रहा है।



## 'चंदू चैंपियन' के सेट पर बाल-बाल बचे थे

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन को हाल ही रिलीज हुई कबीर खान निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' में देखा गया। अभिनेता ने भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की भूमिका को शानदार तरीके से निभाया। इस किरदार को निभाने के लिए कार्तिक ने 18 किलो वजन कम किया और अपने शरीर में जबरदस्त परिवर्तन लेकर आएं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने 'चंदू चैंपियन'के सेट पर हुई एक घटना को जिक्र किया, जिसमें उनकी आंखों में चोट लग सकती थी। एक साक्षात्कार में कार्तिक आर्यन ने शूटिंग के दौरान के एक किस्से को याद किया जब वह एक युद्ध के दृश्य का रिहर्सल कर रहे थे। कार्तिक ने साझा किया कि उन्हें सेट पर एक विस्फोट का अनुभव हुआ जिससे वह डर गए थे। वह धमाका ठीक उनकी दाहिनी आंख के पास हो गया था।

टीवी मसाला



## 'बिग बॉस' में ही नहीं, इन सीरियल्स में भी देखने को मिला दो पत्नियों का ड्रामा

**नई दिल्ली।** अनिल कपूर के विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के कंटेस्टेंट और यूट्यूबर अरमान मलिक लोगों के बीच अपनी दो शादी के कारण जबरदस्त लाइमलाइट में बने हुए हैं। जब से उन्होंने अपनी दोनों बीवियों पायल और कृतिका के साथ इस शो में एंट्री की है, तबसे ही उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है। फिल्म इंडस्ट्री में अरमान मलिक की रियल लाइफ जैसी कई मूवी बन चुकी है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ टीआरपी में हमेशा टॉप 5 में रहने वाले इन टीवी सीरियल में भी दो पत्नियों का ड्रामा देखने को मिला है और कुछ में अभी भी ये ड्रामा देखने को मिल रहा है। असल जिंदगी ही नहीं, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की दुनिया यानी टीवी जगत में भी इस तरह की हैरान कर देने वाली कहानियां दिखाई गई हैं। किसी सीरियल में लीड एक्टर को दो शादी कर पछताते देखा गया तो वहीं कुछ मजबूरी में दो पत्नियों के साथ रहता है।

**'गुम है किसी के प्यार में' :** निर्माता राजेश राम सिंह के इस टीवी सीरियल के दोनों सीजन में दो पत्नियों का ड्रामा देखने को मिल चुका है। 'गुम है किसी के प्यार में' के पहले सीजन में आपको विराट, सई और पाखी के बीच नाटक देखने को मिलता है। वहीं दूसरे सीजन में ईशान को सवी और सीवा के साथ रोमांस करते हुए देखा जाता है।




**ये रिश्ता क्या कहलाता है :** राजन शाही के मोस्ट पॉपुलर सीरियल में से एक और टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप 5 में रहने वाले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में दूसरे, तीसरे और चौथे सीजन में दो पत्नियों वाला जबरदस्त ड्रामा देखने को मिला है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के दूसरे में कार्तिक की दो पत्नीयां नायरा और टीना होती हैं। तीसरे में अभिमन्यु की भी दो पत्नीयां अक्षरा और आरोही होती है। वहीं चौथे सीजन में अरमान को अभिरा और रूही के साथ देखा जा रहा है।

**इमली :** इस सीरियल में आदित्य की एक्स पत्नी इमली (सोमबुल तौकीर खान) होती है जिसे वह तलाक नहीं देता है। वहीं उसकी दूसरी पत्नी मालिनी (मयूरी देशमुख) उसके साथ सौतन के घर में रहती है। हैरान करने वाली बात ये थी कि दूसरी पत्नी को पता नहीं था कि उसका पति पहले से शादीशुदा है। सीरियल 'इमली' के पहले सीजन में दो पत्नीयों वाला शानदार नाटक दिखाया जा चुका है।

## राम पोथिनेनी-संजय दत्त की 'डबल इस्मार्ट' की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के साथ निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। वहीं, अभिनेता राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा मिला था, क्योंकि निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था। फिल्म की शूटिंग पर भी निर्माता समय-समय पर दर्शकों को अपडेट दे रहे हैं। वहीं आज भी उन्होंने दिलचस्प जानकारी साझा की। हाल ही में फिल्म का गाना रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। वहीं अब निर्माता ने शूटिंग के बारे में बड़ा अपडेट साझा किया है। पहला सिंगल रिलीज करने के बाद निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म की पूरी शूटिंग समाप्त हो गई है।



इसके साथ ही फिल्म का एक आकर्षक पोस्टर भी जारी किया। फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। अब फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन शुरू होगा। इससे पहले फिल्म का दमदार टीजर जारी किया गया था। टीजर वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली थी। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी थे।

## साई पल्लवी ने अवॉर्ड मिलने पर बरसो रे मेघा गाने पर किया डांस



नई दिल्ली। वायरल वीडियो में रणबीर कपूर स्टारर नितेश तिवारी की रामायण एक्ट्रेस साई पल्लवी ने अवॉर्ड जीतने के बाद ऐश्वर्या राय बच्चन के बरसो रे मेघा गाने पर स्टेज पर डांस करती नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो में साई स्टेज पर बरसो से मेघा गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। उन्हें स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड मिला है। जिसके बाद वो स्टेज पर आती हैं और वो डांस करना शुरू करती हैं। साई महरुन कलर की साड़ी पहनकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके मूव्स देखकर फैंस हूटिंग करना शुरू कर देते हैं। वो उनको इस तरह से डांस करता देख दीवाने हो रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी फैंस डांस देखने के बाद तारीफ करते नहीं रुक रहे हैं। रणबीर कपूर स्टारर और नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रामायण में सीता के रोल में नजर आने वाली एक्ट्रेस साई पल्लवी साउथ की सुपरस्टार हैं। उन्हें शानदार एक्टिंग के साथ सादगी के लिए जानी जाती हैं। फिल्में हो या रियल लाइफ हर जगह उनका सिंपल सादगी से भरा रूप फैंस को देखने को मिलता है।

## 'एनकेआर 22' में देखने को मिलेगी महापुरुष की गाथा



**मुंबई।** नंदमुरी कल्याण राम ने 5 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनकी नई फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। 'एनकेआर 22' नंदमुरी की अगली फिल्म होगी। फिलहाल यह फिल्म का अस्थाई नाम है। 'एनकेआर 22' का ऐलान एक पोस्टर के जरिए किया गया है। फिल्म का निर्माण एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बिम्बिसार से पहले त्रिगर्थला पर शासन करने वाले एक महापुरुष की महिमा को देखने के लिए तैयार हो जाइए।' 'एनकेआर 22' नंदमुरी कल्याण राम अभिनीत 'बिम्बिसार' का ही दूसरा भाग है। फिल्म के पहले भाग को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यही वजह है कि अब 'एनकेआर 22' को लेकर कल्याण राम के फैंस का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।

# कई कलाओं में उस्ताद हैं ये अभिनेता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हर साल भारतीय सिनेमा में हजार से भी ज्यादा फिल्में बनती हैं। इन फिल्मों में लाखों लोग काम करते हैं। इन में से कुछ कलाकार ऐसे भी होते हैं, जिनमें कई सारी प्रतिभाएं होती है। कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। कभी अभिनय कर, तो कभी निर्देशन, तो कभी गायकी। आज इस लेख में हम उन अभिनेताओं की बात करने वाले हैं, जो बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। ये अभिनय में तो शानदार हैं ही, साथ में गायकी पर भी इन अभिनेताओं की अच्छी पकड़ है।

## अभिनय के साथ-साथ गायकी में भी हैं माहिर

### दिलजीत दोसांझ



दिलजीत दोसांझ भारतीय मनोरंजन जगत के जाने माने चेहरा हैं। वह पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार अभिनेता हैं। उन्होंने कई हिंदी फिल्में भी की हैं। हाल में ही वह जट्ट एंड जूलियट में नीरू बाजवा के साथ नजर आए हैं। इससे पहले वह निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' में नजर आए थे। इसके अलावा वह हाल में ही जिमी फॉलन के 'द टुनाइट शो' पर भी शिरकत करते नजर आए थे। उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। शानदार अभिनेता होने के साथ-साथ वह एक बेहतरीन गायक भी हैं। उन्होंने देश-विदेश में कई म्यूजिक कॉन्सर्ट किया है। इसके अलावा नियमित रूप से भी वह अपना गाना रिलीज करते रहते हैं।

### अमिताभ बच्चन



अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के महानायक कहे जाते हैं, ऐसे में फिर वह इस लिस्ट में भी कहां पीछे रहने वाले थे। अमिताभ अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आए हैं। उन्होंने 81 साल की उम्र में भी काफी शानदार एक्शन किया है। अदाकारी में तो उन्होने अपना लोहा मनवाया है ही, उन्होंने गायकी में भी काफी प्रसिद्धि पाई है। अमिताभ ने कई मौके पर गाने गाए हैं और उनके सारे गाने लोगों द्वारा काफी पंसद किए गए हैं। इनमें 'रंग बरसे', 'मैं यहां तू वहां' आदि शामिल हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म में भी उन्होंने एक गाने को आवाज दी है।

### एमी विर्क



एमी विर्क पंजाबी फिल्मों के बड़े स्टार हैं। उन्होंने पंजाबी के अलावा कुछ हिंदी फिल्में भी की हैं। उनकी एक और आगामी हिंदी फिल्म 'बैड न्यूज' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह विक्की कौशल और तृप्ति दिमरी के साथ नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म किस्मत पंजाबी फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। अभिनय के साथ-साथ वह काफी अच्छे गायक हैं। उन्होंने कई सारे गाने गाए हैं।



### आयुष्मान खुराना

आयुष्मान खुराना हिंदी फिल्मों के जाने माने अभिनेता हैं। उनकी हर फिल्मों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता है। एक के बाद एक सफल फिल्में दे कर उन्होंने अपने लिए एक खास मुकाम हासिल कर लिया है। उनकी फिल्मों की एक खास शैली है। इसके साथ ही उनकी हर फिल्मों में समाज के लिए कोई ना कोई संदेश छिपा होता है। साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'विक्की डोनर' से डेब्यू करने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। इस फिल्म में आयुष्मान ने एक गाना भी गया था, जो काफी पसंद किया गया था। ये गाना था पानी दा रंग। इसके अलावा भी कई मौके पर वह अपनी गायिकी का जलवा दिखाते रहते हैं। आयुष्मान एक बेहतरीन अभिनेता के साथ-साथ बेहतरीन गायक भी हैं।

## खबर संक्षेप

### खाद-बीज की कमी से जूझने लगे किसान



**रायगढ़।** खरीफ की फसल के लिए किसान खेत की तैयारी में जुटे हैंए लेकिन प्रशासन की कोई तैयारी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में न तो खाद है न बीज। जिससे किसानों के हित की बात कोरी साबित हो रही है। किसान खेतों को छोड़ कर खाद बीज के जुगाड़ में लगा हुआ है। सारंगढ के बरमकेला में किसान कभी बाजार तो कभी कृषि विभाग तो कभी सोसायटी के चक्कर काट रहे है। ऊपर से किसान खाद.बीज तक का इंतजाम नहीं कर पा रहा है। मानसून का सीजन चल रहा हैए ऐसे में खरीफ की खेती के लिए किसान खेतों में यूरिया पोटास. डीएपी खाद की किल्लत से किसान बेहाल हैं। ऐसे में खाद और बीज को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है।

### तहसीलदार ने ली पटवारियों की बैठक



**पुसौर।** तहसील कार्यालय पुसौर के बैठक कक्ष में क्षेत्र के सभी हल्का पटवारियों के साथ तहसीलदार नेहा उपाध्याय एवं नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा ने बैठक किया। इस बीच इन्होंने इन्हौंने राजस्व वसुली, नक्षा बटांकन, स्वामित्व योजना की प्रगति, भूमिस्वामी खातों में आधार लिंक, मोबाईल एवं किसान किताब की प्रविशिट आदि विशयों पर विस्तृत समीक्षा की साथ ही शासन के निर्देशानुसार 6 जुलाई से राजस्व पखवाडा प्रारंभ होना है इसके लिए हल्का पटवारी गण किसानों के दस्तावेज दुरूस्त रखना है जिसमें कि पखवाडा के बिच संबंधित किसान को उसके दुस्तावेज मुहैया किया जा सके। ज्ञात हो कि पिछले कई महीनों से अभिलेख शुद्धता का कार्य तहसील कार्यालय में जारी है जिसके लिए संबंधित सभी कार्यवाहियां अख्तियार किए जा रहे हैं।

### भटगांव में भीम आर्मी प्रमुख सांसद चंद्रशेखर की सभा



**सरसींवा।** नगर पंचायत भटगांव में भीम आर्मी चीफ और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद का गुरुवार को जनसभा कार्यक्रम का आयोजन था जनसभा कार्यक्रम में पहुंचने पर भीम आर्मी एवं सतनामी समाज के पदाधिकारीयों ने ताली बजाकर उनका जोशीला स्वागत किया। इसी दौरान भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े के पिता जब अपने बेटे का दर्द बता कर रोने लगे और कहा की वह निर्दोष है पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद ने कहा आपके बेटे के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा।

### दुकान में लगी आग सामान जलकर खाक

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ बस स्टैण्ड के एक दुकान में आज सुबह भीषण आग लग गई जिससे दुकान की सारा समान जलकर खाक हो गया। स्थानीय निवासियों के साथ.साथ पुलिस प्रशासन द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। ड्रीम गर्ल कलेक्शन के नाम से संचालित दुकान में किसी कारण वश आग गईए भारी मश्कत के बाद आग पर तो काबू पाया गया, लेकिन दुकान में रखे सारा समान पूरी तरह से चल कर राख हो गया, वहीं आग का लपेटा इतना तेज था की बगल के मोबाईल दुकान में भी आग लग गया है।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व व पीएम आवास सहित अन्य विभागों के कार्यों की ली जानकारी

# प्रभारी मंत्री ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, आर्थिक, सांख्यिकी विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री उपेंद्र यादव, नगर पालिका अध्यक्ष श्री राधेश्याम राम, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री राजू गुप्ता,कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार सोनी, सर्व एसडीएम सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने एजेंडावर विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभाग के कार्यों को समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के विकास व जनसरोकार में जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के बीच बेहतर सामंजस्य रहे, जिससे जिले के विकास में बेहतर होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से बेहतर संवाद कर समस्याओं का निराकरण करने कहा। उन्होंने कहा कि जशपुर संभावनाओं से भरा हुआ है अच्छा प्राकृतिक वातावरण है यहां लीची, चाय पत्ती कटहल सहित अन्य फसलों का अच्छा उत्पादन है सभी मिलकर कार्य करें। कार्य योजना बनाकर कार्य करें। शासन की मंशा आसान गवर्नेंस स्थापित करना है जिससे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पहुंचे।

- **जनसरोकार व जिले के विकास के लिए जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी सामंजस्य से कार्य करें : चौधरी**



प्रभारी मंत्री की समीक्षा बैठक में उपस्थित जिले के अधिकारी।

### स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग की जानकारी ली। उन्होंने संस्थागत प्रसव के लिए फंक्शनल सीएचसी, पीएचसी, उप स्वास्थ्य केंद्र की सूची बनाकर कर्मचारियों की सूची बनाएं जिससे संस्थागत प्रसव की सेवा बेहतर दे सके। उन्होंने भवन युक्त एवं भवन विहीन स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी अधिकारी की मीटिंग करें और बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कार्य नहीं करने वाले अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मैन पावर बढ़ाने के निर्देश दिए। मंत्री ने शिविर आयोजित कर परिवार नियोजन हेतु जन जागरूकता फैलाने के व शत प्रतिशत टीकाकरण हेतु निर्देश दिए। मंत्री श्री चौधरी ने जीवनदीप समिति की उपयोगिता की जानकारी ली।

### जशपुर संभावनाओं से भरा हुआ है, यहां की प्राकृतिक वातावरण बेहतर

इसी तरह उन्होंने कहा कि उद्यानिकी क्षेत्र में जिले में अपार संभावना है अनुकूल वातावरण के कारण यहां उद्यानिकी फसलों के लिए अच्छी संभावनाएं हैं। रिसर्च करके किसानों को बेहतर गुणवत्ता के पौधे उपलब्ध कराएं। जशपुर में लीची, चाय पत्ती कटहल के अच्छे उत्पादन होते है लीची के विभिन्न वैरायटी बॉम्बे अर्ली आदि के उत्पादन हेतु प्रयास के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्राबेरी फसल उत्पादन पर जोर देने की निर्देश दिए।पीएम जनमन, सड़क कनेक्टिविटी, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, सभी बिंदुओं पर समीक्षा हुई तथा सभी क्षेत्रों में निरंतर बेहतर करने के के निर्देश दिए।
वही जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी ली और कलेक्टर को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाने और गुणवत्ता हेतु जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एसडीओ, सब इंजीनियर और ठेकेदारों की बैठक लें और समीक्षा करे। उन्होंने बिजली विभाग को आम जनता को किसी प्रकार का परेशानी ना हो इसके लिए बिजली आपूर्ति निरंतर बेहतर करने निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन की सराहना की एवं निरंतर बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा

प्रभारी मंत्री श्री ओपी चौधरी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण की व्यवस्था सही करें तथा इसके लिए बेहतर कार्य योजना बनाएं। वही सैनिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालयों को उत्कृष्ट बनाने का प्रयास करें। व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा दें। उन्होंने स्कूलों में गुणवत्ता युक्त सामग्रियों का प्रयोग करने कहा। उन्होंने नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय में सर्व सुविधायुक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। मंत्री श्री चौधरी ने सभी स्कूलों में जन भागीदारी समिति गठित करने की निर्देश दिए।

### त्रुटि सुधार कार्य में प्रगति लाने के दिए निर्देश

वही उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को त्रुटि सुधार कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा जाति प्रमाण पत्र हेतु शिविर लगाकर स्कूल वाइज लक्ष्य निर्धारित कर जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए । उन्होंने मछली पालन विभाग से मछली पालन की संभावनाओं को देखते हुए अधिक से अधिक हेचरी बनाए और मछली पालन के लिए अधिक से अधिक हितग्राहियों को प्रेरित करें। उन्होंने पशुधन विकास विभाग की समस्या करते हुए कहा कि बकरी पालन अधिक से अधिक कराए और उन्नत मदावत पालन योजना को बढ़ाने की निर्देश दिए।

**प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली -** मंत्री चौधरी नेमनरेगा और प्रधानमंत्रीआवास योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा के तहत जिले में मानव दिवस सृजन, सामग्री व्यय, लंबित भुगतान पर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को पहुंचाना सुनिश्चित करने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया। उन्होंने राशि का ट्रांसफर सही हितग्राही को करें और धोखाधड़ी करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# आरटीओ उड़नदस्ता ने चार दिन में वसूला 15 लाख से ज्यादा का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले की सडक़ों पर नियम विरुद्ध दौड़ रही भारी वाहनों पर आरटीओ उडऩदस्ता की टीम ने कहर बरपाते हुए महज चार दिनों में 601 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 15 लाख 52 हजार 635 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की। जिसमें मोटरयान अधिनियम, मोटरयान अधिनियम के तहत मालयान से प्राप मोटरयान कर व मोटरयान अधिनियम के तहत जब्त वाहनों की कार्यवाही की गई है।

उडऩदस्ता की इस ताबड़तोड़ कार्यवाही से ओवरलोड व नियम विरुद्ध भारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों सहित वाहन मालिकों में हडक़ंप मचा हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक आरटीओ विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि जिले में ओवरलोड व नियम विरुद्ध भारी वाहन जिले की सडक़ों पर बेरोकटोक दौड़ रही है। जिसे परिवहन विभाग ने गंभीरता से लिया और इन पर कार्यवाही करने की जिम्मेदारी आरटीओ उडऩदस्ता टीम को दी। 1 जुलाई से 4 जुलाई तक इस टीम ने ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए 601 भारी वाहनों पर जुर्माना व जब्ती की कार्यवाही की है। बताया जाता है कि उडऩदस्ता की टीम ने मोटरयान अधिनियम के तहत 586 भारी वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 15 लाख 2 हजार 300 रुपए का जुर्माना वसूल किया। तो वहीं मोटरयान अधिनियम के तहत मालयान से प्राप मोटरयान कर दो वाहनों से 50335 रुपए वसूल किए।



इसके अलावा फ्लाईएस का ओवरलोड परिवहन कर रहे 13 वाहनों को दबोचा गया, जिनमें से 4 से 9 टन फ्लाईएस ओवरलोड पाए जाने पर इन वाहनो को जब्त कर धरमजयगढ़ थाना, रैरुमा चौकी सहित अन्य थानों मे रखा गया है। जिन पर सख्त कार्यवाही के साथ साथ जुर्माना भी किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि ओवरलोड वाहनों का मामला बहरहाल पेंडिंग है। आरटीओ उडऩदस्ता से मिली जानकारी के मुताबिक जिन वाहनों पर कार्यवाही की गई है उनमें अधिकांशतः हाईवा वाहन है, जो बगैर तिरपाल, ओवरलोड, प्रेशर हार्न, नो पार्किंग की खामियां पाई गई। साथ ही ऐसी वाहनों पर भी कार्यवाही की गई है जो वाहन दिगर प्रांतों है और बगैर परमिट के जिले की सडक़ों पर दौड़ रही थी। उडऩदस्ता की इस कार्यवाही से वाहन चालकों सहित मालिकों में भी हडक़ंप मचा हुआ है। आरटीओ उडऩदस्ता का यह कहना है कि यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### 72 घंटे बाद भी ज्वेलरी के लुटेरों का कोई पता नहीं

**रायगढ़।** शहर के चक्रधर नगर चौक में 3 दिन पहले मंगलवार की रात ओम ज्वेलर्स के पास से लाखों रुपए की लूट के मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। जबकि घटना को 48 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। बताया जा रहा है कि शहर के ओम ज्वेलर्स में मंगलवार की रात सवा 9 बजे हुई करीब 35 लाख के सोने चांदी के जेवरातों की लूट के मामले में पुलिस ने चार टीम बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों के लिये रवाना किया है। इसमें सायबर टीम के साथ-साथ तीन और टीम शामिल है तथा घटना के बाद फरार हुए आरोपियों के रूट को देखते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर उनकी पतासाजी तथा पहचान करने में पुलिस लगी हुई है। मगर ऐसा अनुमान है कि 48 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के कारण दोनों कथित आरोपी पुलिस की पहुंच से फिलहाल बाहर हैं और उनके किसी दूसरे प्रांत में होनें की आशंका जताई जा रही है। हालांकि हमारे संवाददाता ने इस संबंध में जब अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि आरोपियों की पतासाजी के लिये बनाई गई चार टीम लगातार उनकी खोजबीन में लगी है और जल्द ही दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।



उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक को सम्मानित करते सीएम।

# उत्कृष्ट कार्य : स्वामी आत्मानंद स्कूल के शिक्षक सम्मानित

**कोतबा ।** स्कूल शिक्षा विभाग विनोबा एप्प में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये स्वामी आत्मानंद स्कूल कोतबा के जिला अध्यक्ष और कोतबा में पदस्थ शिक्षक दुर्योधन यादव व शासकीय माध्यमिक शाला कोतबा के शिक्षक छमानिधि पटेल (संकुल समन्वयक कोतबा)को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान प्रस्सति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वित्तमंत्री ओपी चौधरी,पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय,जशपुर विधायक रायमुनि भगत,रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया आरंग विधायक गुरु गोविंद साहेब सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारियों सहित पालकगण व छात्र छात्रा उपस्थित थे।आपको बता दें कि आज यानी शुक्रवार को बगिया में राज्यस्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया था.जिसमें मुख्यमंत्री सहित राज्य के वित्त मंत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी सहित अन्य लोग शामिल हुये थे.इस दौरान मुख्यमंत्री के पत्नी श्रीमती कौशल्या विष्णु देव साय ने बच्चों और अभिभावक व स्कूल के शिक्षकों का अभिवादन करते हुये कहा कि किसी भी व्यक्तित्व का निखार उनके शिक्षा से होती है.शिक्षा के बिना सबकुछ अधूरा है.इसलिये शासन के योजना अनुरूप पढाई को प्राथमिकता देनी चाहिये.इस कार्य मे सबकी सहभागिता अनिवार्य है।

### ओपीजेयू को मिला राज्य स्तर पर प्रथम स्थान

**रायगढ़।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ ने प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी रैंकिंग इंडिया में अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए निजी विश्वविद्यालयों की ओवरआल श्रेणी में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान, ज़ोन लेवल पर पंचम स्थान एवं राष्ट्रीय स्तर पर 47वां स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं, विश्वविद्यालय के तीनों स्कूल्स स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट और स्कूल ऑफ़ साइंस ने भी राज्य स्तर पर अपने- अपने क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि अनुसंधान, संकाय गुणवत्ता तथा छात्र परिणामों में उत्कृष्टता के प्रति ओपीजेयू की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस उपलब्धि के साथ ही विश्वविद्यालय ने खुद को प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया है। ज्ञातव्य हो की भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 2015 से प्रकाशित हो रहा है। शैक्षणिक संस्थानों के लिए सबसे प्रामाणिक है और एसएएआरसी विश्वविद्यालयों, भारतीय विश्वविद्यालयों, बिजनेस स्कूल्स, इंजीनियरिंग महाविद्यालयों, लॉ महाविद्यालयों, वास्तुकला और डिजाइन संस्थानों की सबसे निश्चित सूची प्रदान करता है, साथ ही भारत और एसएएआरसी देशों के लिए पाठ्यक्रम विश्लेषण के आधार पर रैंकिंग भी प्रदान करता है।

## पेज 1 का शेष

### सीएम ने पीएम ...

हर किसी का यह सपना साकार नही हो पाता। गरीब असहाय के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना वरदान साबित हो रही है। जिसके लिये हम परिवार सहित माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इसी तरह बगीचा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सुलेसा (महुआपानी) निवासी लाभार्थी बैशाखू राम पिता झिंगो राम जिसकी उम्र 50 वर्ष हो चुकी है, उसके पास अपना पुश्तैनी कच्चा आवास था। जिसमें वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मुश्किल से जीवन यापन कर रहा था और बरसात के मौसम में उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में पक्का आवास बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। शासन से अनुदान में मिली राशि से अपना पक्का मकान बना कर अब वह अपने परिवार के साथ पक्के मकान में रहते हैं। बैसाखू राम ने बताया कि मेरा कच्ची ढीवार वाला पुराना घर था, जिसके ऊपर पन्नी तान कर गुजर-बसर चल रहा था बरसात के दिनों में जब मूसलाधार बारिश होती थी तो मेरे घर के चारों तरफ पानी ही पानी भर जाता था। आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण घर बनवाने की दूर-दूर तक कोई उम्मीद नहीं दिख रही थी। एक दिन ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक मेरे घर आये और उन्होंने मेरा आधार कार्ड और बैंक पास बुक मांगा और मेरा मोबाईल पर पंजीयन कराया। कुछ दिनों बाद मुझे मेरा आवास स्वीकृत होने की सूचना मिली। पहली बार में मुझे यकीन नहीं हुआ लेकिन मैंने बैंक जाकर पता किया तो मेरे खाते में पैसे आ गये थे। मैने अपना घर बनवाना शुरू कर दिया। आवास की धन राशि तथा मनरेगा की मजदूरी मिलाकर मिले पैसों से अपना आवास बनवाया। मैं सरकार का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने घर बनवाने के लिये धनराशि उपलब्ध कराकर मेरी अंधेरी जिन्दगी में रोशनी लाने का काम किया। इसी तरह पीएम जनमन योजना के तहत योजना सुलेसा निवासी सोंगलत राम पिता लब्जी राम को भी पक्का आवास मिला है। सोंगलत बताते हैं कि गरीबी के कारण कच्चे मकान में रहना एक मजबूरी बन गयी थी। जब बरसात होती थी तो पानी टपकने से रात भर बच्चों सहित जागकर रात बितानी होती थी। परन्तु अब प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में मेरा आवास स्वीकृत हुआ व आज हमारा पक्का मकान बन कर तैयार है। हम आभारी है प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के जिन्होंने गरीबों को उनके सपने पूरे करने का अवसर दिया।

### दिव्यांगों के लिए ...

स्थापना करने का निर्णय भी लिया है। इसी तरह साय सरकार के द्वारा हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के गृह ग्राम बगिया में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में सीएम साय ने अपने संबोधन के दौरान जशपुर में दिव्यांगों के लिए आदर्श आवासीय परिसर, फरसाबहार ब्लॉक मुख्यालय में हायर सेकेंडरी स्कूल एवं बगिया और बंदरचुवां के लिए आदर्श विद्यालय की घोषणा की है। जशपुर जिले का फरसाबहार विकासखण्ड नागलोक के नाम से जाना जाता है। ओडिशा राज्य की सीमा से लगा फरसाबहार विकासखण्ड मुख्यालय में अब तक एक हायर सेकेंडरी स्कूल नहीं खुल पाया है। इसलिए फरसाबहार विकासखण्ड मुख्यालय एवं आसपास के कई गांवों के स्कूली बच्चे 11 वीं और 12वीं की पढ़ाई करने 7 से 10 किलोमीटर तक का सफर तय करके पंडरीपानी जाते हैं। पंडरीपानी ग्राम पंचायत में दो हायर सेकेंडरी स्कूल हैं, लेकिन फरसाबहार विकासखण्ड मुख्यालय में एक भी नहीं है। वहां अब तक केवल हाई स्कूल ही है। अब मुख्यमंत्री द्वारा वहां हायर सेकेंडरी स्कूल की घोषणा से क्षेत्र के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

### देश की एकता ...

को मजबूत किया। उनके विचार और आदर्श आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उनके आदर्शों पर चलते हुए हम एक समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्पित हैं।

### पत्नी का हत्यारा...

किया गया, जो अपने मेमोरंडम कथन में बताया कि यह 4 जुलाई की दोपहर में करीब एक बजे अपनी पत्नी को खाना बनाने के लिये बोला। पत्नी ने खाना बनाने से मना कर दिया। जिससे वह आवेश में आकर अपनी पत्नी को हाथ-मुक्का व लकड़ी फारा से सिर, चेहरा, पीठ एवं कमर में कई बार वारकर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लकड़ी फारा को जब्त किया। साथ ही आरोपी रामकुमार नाग उम्र 35 साल निवासी काडरो पाकेरपारा थाना बागबहार के विरूद्ध धारा 103(1) बीएनएस का अपराध सबूत पाए जाने पर 5 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक सरोज टोप्पो, एनपी साहू, अरविन्द पैंकरा, राजेन्द्र रात्रे, योगेन्द्र पटेल, घनष्याम प्रजापति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राष्ट्रीय कथक प्रतियोगिता में सौम्या एवं यामी ने लगाई प्रथम पुरस्कार की हैट्रिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कृष्णा ललित कला महाविद्यालय के द्वारा प्रदेश की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता ष कौशल महोत्सव का आयोजन 2 जुलाई से 7 जुलाई के बीच किया गया है। प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ो प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में सौम्या नामदेव ने जूनियर एवम यामी ने सब जूनियर वर्ग में माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय एवम रायगढ़ शहर का प्रतिनिधित्व किया। सौम्या ने जूनियर वर्ग में 10 मिनिट का एकल कत्थक प्रस्तुति करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया एवम यामी ने सब जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि वर्ष में सौम्या एवम यामी ने राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान की हैट्रिक लगाई है। जनवरी बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता अमृत ध्वनिष जून में ओडिसा के पुरी में आयोजित राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता तारांगण के बाद जुलाई में रायपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय कत्थक नृत्य प्रतियोगिता ष्कौशल महोत्सवष में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए जीत की हैट्रिक लगाई है। सौम्या नामदेव रायगढ़ के ओपी जिंदल स्कूल की कक्षा 8वी की छात्रा है, सौम्या अपनी कत्थक की शिक्षा माँ वैष्णवी संगीत महाविद्यालय में गुरु प्रीति रूद्र वैष्णव एवम रूद्र प्रीति वैष्णव के सानिध्य में पिछले 5 वर्षो से ले रही है।



* **तमनार।** जेएसपी फाउण्डेशन जेपीएल तमनार बाल सुधार गृह रायगढ़ में निवासरत बच्चों में कौशल दक्षता का विकास कर उनको रोजगार व स्व रोजगार से जोड़ने हेतु दो माह का बेसिक इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ 2 जुलाई को जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अतुल दांडेकर के मार्ग दर्शन व नेतृत्व में किया गया।

### मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाला रिफ्तार

**रायगढ़।** शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का लालच देकर महिला से ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रायगढ़ पुलिस की टीम द्वारा शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के एक सदस्य को अलवर राजस्थान से गिरफ्तार कर लाया गया है।बेलादुला निवासी महिला द्वारा ऑनलाइन ठगी की लिखित में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला बताई कि मार्च में के वेबसाईट को गलती से ओपन की जिससे एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसे व्हाटअप ग्रुप में जोड़ दिया ।गया जिसमें शेयर मार्केट में निवेश करने पर लाभ अर्जित करने का मोटीवेशनल पोस्ट दिखाया गया, जिससे प्रभावित होकर महिला ने 08 अप्रैल से 18 मई के मध्य के शेयर में 87,41,000 रुपए निवेश की। पीड़ित महिला जब के आधिकारिक वेबसाईट से सम्पर्क की तो फर्म के द्वारा बताया गया कि फर्म का कोई भी व्हाट्सएप ग्रुप नहीं है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

टॉप जशपुर
ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12th Bio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146